# Nayak's Tutorials

Way to Excellence

दिनांक : October 2024 | **Home Assignment Series** | गुण : ८०

वर्ग : १० वी (I.C.S.E ) | हिंदी | समय : ३ घंटे

**Portion :-**

**साहित्य सागर (गद्य)** - बात अठन्नी की, काकी, महायज्ञ का पुरस्कार, नेताजी का चश्मा, अपना अपना भाग्य, बड़े घर की बेटी, दो कलाकार/ **साहित्य सागर (पद्य)** - सखी, गिरिधर की कुंडलियाँ, स्वर्ग बना सकते है, वह जन्मभूमि मेरी, मेघ आए, चलना हमारा काम है , मातृमंदिर की ओर/ **एकांकी सचय** - संपूर्ण पाठ्यपुस्तक **& व्याकरण & लेखन**

*Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.*
*You will not be allowed to write during the first 15 minutes.*
*This time is to be spent in reading the question paper.*
*The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.*

***Section A** is compulsory - **All** questions in **Section A** must be answered.*
*Attempt **any four** questions from **Section B**, answering at least **one** question each from the **two** books you have studied and **any two** questions from the same books you have studied.*
*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

## SECTION A

*(Attempt **all** questions from this **Section**.)*

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics: [15]

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :**


(i) एक बार आप विद्यालय से घर जा रहे थे, रास्ते में ही घनघोर वर्षा शुरू हो गई, वर्षा से बचने के लिए वहाँ कोई स्थान न था। आप बुरी तरह भीगते हुए घर पहुँचे, घटना का पूर्ण विवरण दीजिए।

(ii) "निरक्षरता एक सामाजिक अभिशाप है -" इस विषय पर अपने विचार लिखिए।

(iii) किसी बाढ़ के दृश्य का वर्णन अपने शब्दों मे कीजिए।

(iv) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित लोकोक्ति हो -
"जैसी करनी वैसी भरनी"।

(v) नीचे दिए गए चित्र को देखकर मन में उठने वाले भावों या विचारों को अपने शब्दों में लिखिए।



**Question 2**

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below : [7]
निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर हिन्दी में लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिएः-

(i) आपके क्षेत्र में सड़कों पर बहुत अधिक पानी जमा हो जाता है, क्योंकि अधिकांश सड़कें टूटी हुई हैं। जगह - जगह 'स्पीड ब्रेकर' यातायात में सहायक न होकर बाधक बन गए हैं। परिस्थिति की पूर्ण जानकारी देते हुए नगर निगम के अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए।

(ii) आपके विद्यालय में कुछ अतिथि आए थे, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी आपको सौंपी गई थी। अपनी माताजी को पत्र लिखकर बताइए कि वे अतिथि विद्यालय में क्यों आए थे और आपने उनके लिए क्या -क्या किया।

**Question 3**

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible:
निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़ीए तथा नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :

बहुत दिन हुए उत्तर भारत में एक गाँव में एक मज़दूर रहता था। वह गाँव पहाड़ों और जंगलों के किनारे बंसा हुआ था, इसलिए अक्सर जंगलों में रहने वाले डाकू रात के समय इस गाँव पर धावा बोल दिया करते थे। डाकुओं गाँववालों के पास जो कुछ मिलता, उसे वह छीनकर ले जाते थे।

एक बार एक व्यापारी इस गाँव में आया। रात हो चुकी थी, इसलिए उसने मज़दूर के घर के दरवाजे पर दस्तक दी। मज़दूर ने दरवाजा खोला। व्यापारी ने मज़दूर से कहा- "मैं यहाँ व्यापार करने के लिए आया था, लेकिन यहाँ पर रात हो गई। क्या आप मुझे अपने घर में रात गुजारने की जगह दे सकते हो ?" मज़दूर भला आदमी था, इसलिए उसने आए अजनबी मेहमान का स्वागत करते हुए कहा, "क्यों नहीं, आइए यह तो आपका ही घर है। आप यहाँ रात गुजार सकते हैं।"

आधी रात के करीब कुछ शोर सुनकर व्यापारी की आँखें खुल गई। उसने देखा कि वह मज़दूर अपने हाथों में एक पोटली लिए इधर-उधर बड़ी बेचैनी से चक्कर काट रहा हैं। व्यापारी ने पूछा - "क्यों क्या बात है ?" "साहब डाकुओं ने धावा बोल दिया है। मैनें बेहद मेहनत से पाँच सौ रुपए अपनी बेटी की शादी के लिए बचाए थे। अब मैं इन्हें डाकुओं से कैसे बचाऊँ ?" व्यापारी के सुझाव पर मज़दूर ने एक गड्ढा खोदकर पोटली उसमें छिपा दी।

थोड़ी ही देर पाँच-सात डाकुओं का एक दल मज़दूर के घर में घुस आया। उनके सरदार ने कड़कती हुई आवाज़ में कहा- "अपना सारा धन हमारे हवाले कर दो।"

मज़दूर गिड़गिड़कार अपनी मज़बूरी बताने लगा तो सरदार ने अपने आदमियों को हुक्म दिया कि वे लोग मज़दूर के घर की तलाशी लें। उनकी बात सुनकर व्यापारी बोला - "मैं बताता हूँ, इसने अपना धन कहाँ छिपाया है।"

फिर व्यापारी ने सामने इशारा करते हुए कहा- "आप लोग यहाँ खोदें।" आनन - फानन में डाकुओं ने वह जगह खोद डाली। कुछ ही समय में धन की पोटली उनके हाथ लग गई। उन्होंने धन की पोटली ले ली और चले गए।

डाकुओं के जाने के बाद मज़दूर ने दरवाजा बंद कर लिया और व्यापारी के पास पहुँचकर गुस्से में बड़ी देर तक उसे बुरा-भला कहता रहा। व्यापारी सब कुछ सुनकर मुस्कुराता रहा। जब मज़दूर चुप हो गया तब सहज स्वर में व्यापारी ने कहना शुरू किया - "अब मेरी बात सुनों! दरअसल मैंने डाकुओं को तुम्हारे धन का पता बताकर, तुम्हारे साथ अपने को भी भारी नुकसान से बचाया है। जानते हो अगर डाकू तुम्हारे घर की तलाशी लेते तो उनके हाथ मेरी पोटली लग जाती, जिसमें ढाई हज़ार रुपये नकद और सोने के कुछ जेवर हैं। मैंने डाकुओं को तुम्हारी पोटली का पता बताकर उनका ध्यान भटकाया ओर उन्होंने घर की तलाशी नहीं ली।"

यह कहकर व्यापारी ने अपनी पोटली में से छह सौ रुपए दिए और कहा- "एक सौ रुपए बिटिया को उसकी शादी पर मेरी ओर से।"
मज़दूर व्यापारी की सूझ - बूझ और बुद्धिमानी देखकर दंग रह गया।

(i) शब्दों के अर्थ लिखिए - [2]
१) धावा २)आश्चर्य ३)सूझ-बूझ ४)बुद्धिमानी

(ii) गरीब मजदूर कहाँ रहता था और वहाँ रात को क्या डर बना रहता था? [2]

(iii) आधी रात में मज़दूर ने व्यापरी को अपनी क्या समस्या बताई तथा व्यापरी ने समस्या का क्या समाधान बताया? [2]

(iv) व्यापरी ने डाकुओं को धन का पता क्यों बता दिया? [2]

(v) अंत में व्यापरी ने मज़दूर को क्या दिया और क्यों? [2]

**Question 4**

Answer the following according to the instructions given: [8]

(i) 'देव' शब्द का भाववाचक संज्ञा बनाइए :

(a) देवीय (b) देवत्व (c) देवपन (d) दैववादी

(ii) 'सदुपयोग' का विलोम बताइए :

(a) दोरोपयोग (b) दूरूपयोग (c) दुरूपयोग (d) दुरूहपयोग

(iii) 'चरण' के दो पर्यायवाची लिखिए :

(a) पर-पैर (b) चारण-पाद (c) चरण-पद (d) पय-पद

(iv) निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए :

'जो पहले कभी न हुआ हो'

(a) अद्‌वितीय (b) अभूतपूर्व (c) अपूर्व (d) अकाल

(v) 'खून खौलना' मुहावरे का अर्थ बताइए :

(a) खून गरम होना (b) क्रोध आना (c) खून उबलना (d) गुस्सेल व्यक्ति

(vi) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :

मैं भारतीय हूँ। (वचन बदलो)

(a) तुम भारतीय है। (b) हमे भारतीय है। (c) हम भारतीय हैं। (d) हम भारतीय है।

(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :

प्रदीप बुरा व्यक्ति नहीं है। (बिना अर्थ बदले 'नहीं' को हटाइए)

(a) प्रदीप अच्छा व्यक्ति है। (b) प्रदीप अच्छाई से भरा है।

(c) प्रदीप आच्छा व्यक्ति है। (d) प्रदीप ओच्छा व्यक्ति है।

(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :

मैं अपना काम पुरा करके ही टी. वी. देखूँगा। (वाक्य में 'जब' और 'तब' का प्रयोग कीजिए )

(a) जब वह टी.वी देखेगा तब अपना काम पूरा करेगा।

(b) जब मैं अपना काम पूरा करूँगा, तब टी.वी. देखूँगा।

(c) जब मैं अपना काम अपूरा करूँगा, तब टी.बी. नही देखूँगा।

(d) जब मेरा काम अपूरा रहेगा, तब मैं टी.वी. कैसे देखू।

## SECTION B

*(Attempt **four** questions from this Section.)*

*(You must answer at least **one** question from each of the **two** books you have studied and any **two** other questions.)*

## साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ
## (SAHITYA SAGAR - SHORT STORIES)

**Question 5**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके निचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

महत्व मूर्ति के रंग - रूप या कद का नहीं, उस भावना का है वरना तो देश - भक्ति भी आजकल मजाक की चीज होती जा रही है।

*[ 'नेताजी का चश्मा' - स्वयं प्रकाश ]*

*['Netaji Ka Chasma' - Swayam Prakash]*

(i) यह विचार किसका है? देशभक्ति की भावना की क्या दशा हो रही है? अपने विचार बताइये। [2]
(ii) दूसरी बार हालदार साहब ने क्या देखा? उनका कौतुक क्यों बढ़ा ? [2]
(iii) उन्होंने पानवाले से क्या पूछा और उन्हें क्या जवाव मिला? क्या हालदार साहब की समझ में बात आई ? [3]
(iv) कैप्टन चश्मेवाला नेताजी की मूर्ति के चश्मे में उलट - फेर क्यों करता था? [3]

## Question 6

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके निचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

'पर' सब दिन होत न एक समान' अकस्मात दिन फिरे और सेठ की गरीबी का मुह देखना पडा।

*['महायज्ञ का पुरस्कार' - यशपाल ]*
*['Mahayagya Ka Puraskar' - Yashpal]*

(i) सेठ का स्वभाव कैसा था? 'सब दिन होत न एक समान' का क्या तात्पर्य है? यह सेठ पर कैसे लागू होता है ? [2]
(ii) उन दिनों कौनसी प्रथा प्रचलित थी ? सेठानी ने क्या सोचा? [2]
(iii) क्या सेठजी ने उस प्रथा से लाभ उठाने का सोचा? [3]
(iv) सेठजी कहाँ गये और क्यों? सेठानी ने उनके लिए क्या तैयारी की? [3]

## Question 7

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके निचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

"रसीला दौड़कर पाँच रूपये की मिठाई ले आ। "

*['बात अठन्नी की' - सुदर्शन ]*
*['Baat Athani Ki' - Sudarshan]*

(i) यह कथन किसका है ? रसीला ने क्या चतुराई की ? [2]
(ii) वक्ता को क्या शक हुआ और उसने क्या किया ? [2]
(iii) रसीला की पारिवारीक अवस्था कैसी थी ? उसके घर में कौन-कौन थे ? [3]
(iv) रसीला ने माफी माँगी तो क्या उसे माफी मिली ? [3]

## साहित्य सागर - पद्य भाग
## (SAHITYA SAGAR - POEMS)

## Question 8

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके निचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

बुढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की,
बरस बाद सुधि लीन्ही,
बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की,
हरसाया ताल लाया पानी परात भर के।
मेघ आये बड़े बन - ठन के सँवर के।

*['मेघ आए' - सर्वेश्वर दयाल सकसेना ]*
*['Megh Aaye' - Sarveshwar Dayal Saxena]*

(i) पीपल ने मेघों का अभिवादन किस तरह से किया ? [2]
(ii) लता मेघों को किस तरह देखती है तथा वह मेघों से क्या कहती है ? [2]
(iii) ताल- तलैया क्यों प्रसन्न हुए ? [3]
(iv) उसने मेघों का स्वागत कैसे किया ? वर्षा के पूर्व धरती की अवस्था कैसी होती है ?
वर्षा का सब पर क्या प्रभाव पड़ता है ? [3]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके निचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

जन्मे जहाँ थे रघुपति, जन्मी जहाँ थी सीता,
श्रीकृष्ण ने सुनाई, वंशी पुनीत गीता।
गौतम ने जन्म लेकर,जिसका सुयश बढ़ाया
जग को दया दिखाई, जग को दिया दिखाया ॥

*[ 'वह जन्मभूमि मेरी' - सोहनलाल द्रवेदी ]*
*['Wah Janmabhoomi Meri' - Sohanlal Dwivedi]*

(i) यहाँ किन-किन अवतारों और महापूरूषों का जन्म हुआ ? [2]
(ii) श्रीराम की महिमा का वर्णन कीजिए। [2]
(iii) श्रीकृष्ण के बारे में कवि ने क्या बताया है ? [3]
(iv) श्रीकृष्ण ने गीता में अर्जुन को क्या उपदेश दिया ? [3]

**Question 10**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके निचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

"गुरू गोविंद दोऊ खड़े काके लागो पायँ।
वलिहारी गुरू आपनो, जिन गोविन्द दियौ वताय ॥
जव मैं था तव हरि नहीं, अव हरि हैं मैं नाहि।
प्रेम गली अति साँकरी, तामे दो न समाहि ॥

*[ 'सखी' - कबीर ]*
*['Sakhi' - Kabir]*

(i) इन पंक्तियों में कवि ने किसकी महानता बताई है? [2]
(ii) प्रथम दो पंक्तियों में कवि का क्या उदेश्य रहा है ? [2]
(iii) हरि और अहंकार साथ -साथ क्यों नहीं रहते ? [3]
(iv) हरि ने किन - किन का अहंकार दूर किया है ? [3]

## नया रास्ता - सुषमा अग्रवाल
## (NAYA RASTA - SUSHMA AGARWAL)

**Question 11**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके निचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

मीनू दुल्हन वनी, उसकी डोली सजी और अपने पिया संग ससुराल को चल दी। मीनू को पा लेने पर अमित भी अव अपने को भाग्यशाली अनुभव कर रहा था। दुल्हन के रूप में सजी मीनू आज साधारण पढ़ी मीनू नहीं, वरन् एक प्रसिद्ध वकील मीनू थी, जिसने आत्मविश्वास व लगन से विशेष ख्याति प्राप्त कर ली थी।
आज वह अपनी उस मंजिल तक पहुँच चुकी थी, जिसकी उसे तलाश थी।

(i) 'आज मीनू का सपना पूरा हो गया' स्पष्ट करो। क्या वकील वनना ही मीनू की मंजिल थी? [2]
(ii) सामाजिक वन्धन से क्या मीनू मुक्त हो सकी? [2]
(iii) 'विशेष ख्याति' से क्या तात्पर्य है? [3]
(iv) फालतू खर्च न करके मीनू ने किसकी मदद की और कैसे? [3]

**Question 12**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके निचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

मीनू अपना अधिकतम समय अपनी पुस्तकों के साथ ही व्यतीत करती। यूँ तो बचपन से ही उसको अधिक पढ़ने की आदत थी। हमेशा ही वह अपनी कक्षा में प्रथम आती थी। वकालत में भी उसने प्रथम श्रेणी में पास होने की ठान रखी थी। इस समय उसमें विशेष लगन थी। विशेष उत्साह था कुछ बन दिखाने का, अपने पाँव पर खड़ा होने का।

(i) मीनू शुरू से पढ़ाई में कैसी थी? वह वकालत पढ़ने कहाँ आई हुई थी? [2]

(ii) स्त्रियों के बारे में मीनू क्या सोच रही थी? [2]

(iii) मीनू को कहाँ जाना था और क्यों? वह किस प्रकार वहाँ पहुँची? [3]

(iv) मीनू अपने घर कब लौटकर आई? [3]

**Question 13**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके निचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

ये सब बातें मीनू अन्दर के कमरे में बैठी सुन रही थी। अपने अन्दर साहस एकत्र कर वह पलंग से उठ खड़ी हुई। वह दिल -ही-दिल में निर्णय कर चुकी थी कि वह अब शादी नहीं करेगी। उसके हृदय में अन्तर्द्वन्द चल रहा था कि वह जो निर्णय ले रही है, वह उचित है कि नहीं। अन्त में इसी निर्णय को उचित मानकर वह कमरे से बाहर निकली।

(i) कौन-सी बातें मीनू कमरे में बैठी सुन रही थी? [2]

(ii) मेरठ वालों का क्या उत्तर आया था? [2]

(iii) मीनू के हृदय में हीन भावना क्यों घर कर गई ? [3]

(iv) मीनू ने क्या निर्णय लिया और क्यों? [3]

## एकांकी संचय
## (EKANKI SANCHAY)

**Question 14**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके निचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

मुझे यह बात पसन्द नहीं। कुछ क्षण हुक्का गुड़-गुड़ाते हैं ? बेटा, बड़ा वास्तव में कोई उम्र या दर्जे से नहीं होता। बड़ा तो बुद्धि से होता है - योग्यता से होता है।

*[सूखी डाली - उपेन्द्रनाथ 'अश्क']*
*['Sukhi Daali' - Upendranath 'Ashk']*

(i) अंश में कौन, किससे तथा किस सन्दर्भ में कह रहा है ? [2]

(ii) दादाजी छोटी बहू और परिवार वालों की उलझन सुलझाने के लिए क्या प्रयास करते हैं? [2]

(iii) दादाजी के प्रयास का क्या परिणाम हुआ? वे अपने प्रयास में कहाँ तक सफल रहे? [3]

(iv) इस एकांकी के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए। [3]

**Question 15**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके निचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

"जाओ विश्राम करो। देखो, तुम्हारे कपड़ों पर धूल छा रही है। दिन भर तुम तलवार का खेल खेलते रहै, थक गये होंगे।"

*[ 'दीपदान' - डॉ रामकुमार वर्मा ]*
*['Deepdan' - Dr. Ramkumar Verma]*

(i) यहाँ वक्ता और श्रोता कौन है ? वक्ता उससे क्या कहना चाहता है ? [2]

(ii) कौन रूठ गया है और क्यों? [2]

(iii) वक्ता श्रोता से क्या कहती है? [3]

(iv) वक्ता श्रोता को बाहर जाने से क्यों रोकती है? [3]

**Question 16**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:
निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके निचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

अरे देखो अभय सिंह, गोले के वार से वीर सिंह के प्राण पखेरू उड़ गये। बूँदी के मतवाले सिपाही सदा के लिए सो गये। अब हम विजयश्री प्राप्त कर सके।

*[ मातृभूमि का मान - श्री हरिकृष्ण 'प्रेमी' ]*
*['Matrabhoomi Ka Maan' - Shri Harikrishna 'Premi']*

(i) वक्ता कौन है और वह वीर सिंह के विषय में किससे बात कर रहा है? [2]

(ii) वीर सिंह के प्राण पखेरू कब उड़ गये? [2]

(iii) वीर सिंह ने अपने प्राणों पर खेलकर क्या सिद्ध कर दिया? [3]

(iv) 'अब हम विजयश्री प्राप्त कर सके'- उक्त कथन के द्वारा वक्ता किस बात की ओर संकेत कर रहा है? [3]